तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

अग्रवाल सभा ने धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती



खबर संक्षेप

एग्रीस्टेक पंजीयन एवं खसरा अद्यतन हेतु 21 तक अभियान

कोरबा। खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को पुनः पंजीयन कराने की आवश्यकता नही होगी। पूर्व में पंजीकृत किसानों द्वारा सहकारी समितियों में जाकर पंजीकृत रकबा एवं खसरा का मिलान करा लिया जावे। किसान पंजीयन में पंजीकृत रकबा एंव खसरा मिलान नहीं होने की स्थिति में एग्रीस्टेक पंजीयन में खसरा अद्यतन कराने की कार्यवाही एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जावे। जिले के सभी 60 सहकारी समितियों में किसान पंजीयन हेतु दिनांक 21 अक्टूबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। किसानों से खरीफ वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु एग्रीस्टेक पंजीयन कराने कहा गया है।

मतदाताओं के पंजीकरण के लिए 31 तक चलेगा विशेष अभियान

कोरबा। जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। मतदाता पंजीकरण हेतु मतदाता सूची में वर्तमान में अपंजीकृत व्यक्ति या जिसका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया हो, ऐसा कोई भी व्यक्ति इस विशेष अभियान के दौरान पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकता हैं।

शहर का व्यस्ततम क्षेत्र है टीपी नगर

टीपी नगर क्रॉसिंग पर फिर रुकी मालगाड़ी, लोग रहे परेशान, त्योहारी सीजन में बढ़ सकती है मुश्किलें



टीपी नगर क्रासिंग पर खड़ी मालगाड़ी।



शारदा विहार में लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के व्यस्तम और हृदय स्थल कहे जाने वाले टीपी नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास मालगाड़ी के बीचों-बीच खड़े होने की समस्या आम होती जा रही है। सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे एक बार फिर मालगाड़ी क्रॉसिंग के बीचों-बीच आकर खड़ी हो गई, जिसके कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अक्सर टीपी नगर चौक में कुछ इसी तरह से समस्या सामने आती है और जिसकी वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों लंबी कतारें लग जाती है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को एक बार फिर से मालगाड़ी कोयला लेकर संयंत्र जा रही थी कि टीपी नगर रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचते ही आगे नहीं बढ़ पायी और टीपी नगर रेलवे क्रासिंग के बीचो बीच हमेशा की तरह फिर से खड़ी हो गई। इस समस्या से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, बल्कि इससे पहले भी कई बार मालगाड़ी इसी तरह रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंस चुकी है। इसके बावजूद रेलवे प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते आए दिन शहरवासियों को इस तरह की विकट स्थिति से जूझना पड़ता है। वर्तमान में त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है और नवरात्रि के इस पावन अवसर पर चारों तरफ उत्सव का माहौल है। ऐसे में बाजार में खरीदारी के लिए निकलने वाले लोगों को रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम और मालगाड़ी के खड़े हो जाने के कारण भारी असुविधा हो रही है। टीपी नगर क्रॉसिंग पर मालगाड़ी के खड़े होने के कारण वाहन चालकों को मजबूरन शारदा विहार रेलवे क्रॉसिंग का रुख करना पड़ता है। इसका परिणाम यह होता है कि शारदा विहार मार्ग पर भी भारी दबाव बढ़ जाता है और वहां भी ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे लोगों का समय बर्बाद हो रहा है और आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी फंस जाते हैं।

सड़कों पर वाहन खड़े करने की मजबूरी



स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों के अनुसार, सोनालिया चौक के समीप नगर निगम द्वारा मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण तो किया गया है, लेकिन वर्तमान में इसे ठेके पर दे दिया गया है। ठेका संचालित होने के बाद पार्किंग का चार्ज काफी अधिक है, जिसके कारण आम जनता और खरीदार इसका उपयोग करने से बच रहे हैं। मजबूरी में लोग अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़कों पर ही पार्क कर रहे हैं, जिससे मुख्य मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। नवरात्रि के इन दिनों में बाजारों में रौनक बढ़ गई है, लेकिन सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया है। यदि दीपोत्सव के दौरान भी यही हाल रहा, तो त्योहारी खरीदारी करने आने वाली महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता। नगर निगम प्रशासन को मल्टी लेवल मार्किंग में कैसे की जा सके इस दिशा पर पहल करना चाहिए ताकि त्यौहारी सीजन में लोगों को राहत मिल सके।

बूम टूटने से लग रहा था जाम

टीपी नगर रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार का दिन वाहन चालकों के लिए दोहरी परेशानी लेकर आया। एक ओर जहाँ सुबह मालगाड़ी के ट्रैक पर फंस जाने के कारण यातायात घंटों बाधित रहा, वहीं दूसरी ओर इसी बीच किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से क्रॉसिंग का बूम (बैरियर) ही टूट गया। बूम टूटने के कारण यहाँ एक बार फिर भारी जाम की स्थिति निर्मित हो गई, जिससे आवागमन करने वाले आम नागरिकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। क्रॉसिंग का बूम टूटने और सिग्नलों के प्रभावित होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घटना की गंभीरता को देखते हुए यातायात पुलिस ने तुरंत मौके पर मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। साथ ही, सुरक्षा और आवागमन को सुचारू रूप से बहाल करने के लिए इस पूरे घटनाक्रम की आधिकारिक सूचना तत्काल रेलवे प्रबंधन को दे दी गई है, ताकि टूटे हुए बूम की त्वरित मरम्मत कर यातायात को सुगम बनाया जा सके।

मोरगा-मदनपुर घाटी में दो ट्रेलर की टक्कर से नेशनल हाईवे घंटों रहा जाम



घटना के बाद वाहनों की लगी लंबी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंबिकापुर-कटघोरा नेशनल हाईवे पर मोरगा-मदनपुर घाटी में दो ट्रेलर की टक्कर के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। हादसे के कारण हाईवे पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं।

खास बातें

- सुबह 3 बजे से 10 बजे तक ठप रहा अंबिकापुर कटघोरा मार्ग
- बस यात्रियों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर-कटघोरा नेशनल हाईवे पर मोरगा-मदनपुर घाटी में दो ट्रेलर की टक्कर होने से सुबह 3 बजे सुबह 10 बजे तक मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया था। इस दौरान किसी तरह से छोटे वाहनों को आने जाने दिया जा रहा था। अंबिकापुर और कटघोरा की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों के साथ बसों में सफर कर रहे यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घंटों तक जाम में फंसे रहने से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। जानकारी के अनुसार अंबिकापुर-कटघोरा नेशनल हाईवे पर मोरगा-मदनपुर घाटी पर पहले से एक ट्रेलर ब्रेक डाउन पर सड़क किनारे खड़ी थी, इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएस 9436 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए खड़ी ट्रेलर को ठोकर मार दिया। घटना के बाद चालक को मामूली चोटें आयी है। मोरगा-मदनपुर घाटी का यह मार्ग आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में सड़क पर इस तरह की घटनाओं से लंबी दूरी की बसों और अन्य यात्रियों को परेशानी होती है। घटना के संबंध में दुर्घटना के कारणों और यातायात बहाली की आधिकारिक जानकारी की पुष्टि किया जाना शेष है। मामले में पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।



Rera no.
PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

A PROJECT BY
ORA MAKERS
Own your real asset.

New Town

Own it!

बड़े दिल वालों की
बड़ी दुनिया और बेहतर लोकेशन



- Majestic Grand Entrance Gate
- Modern Garden Living
- Elegant Clubhouse
- Attractive Waterbodies
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool
- Fully Equipped Gymnasium
- Indoor & Outdoor Games
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces

Navratri Special Offer

Spin Wheel Bonanza

Compulsory Gift On Every Booking & Site Visit...



* T&C Apply

2, 3, 4, 5 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS & PREMIUM PLOTS


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph

Scan this QR code for Location

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

newtown.bsp@gmail.com | www.newtownbsp.com | Follow us

Call: +91 98931 13444, 98931 28333

एक TOWN बड़े दिल वालों का

खबर संक्षेप

हनुमान अंश के अभिनेता आ रहे कोरबा

कोरबा। नीम करौली वाले बाबा के जीवन वृतान्त पर अभिनीत फिल्म हनुमान अंश में



बाबा जा किरदार निभाने वाले मुख्य पात्र शोभिनव सत्य का कोरबा प्रवास तय हुआ है। वे निगम द्वारा आयोजित होने वाले रामलीला एवं दशहरा मेला स्थल ओपन ऑडिटोरियम मैदान में 16 अक्टूबर को आ रहे हैं। 17 अक्टूबर को प्रकृति के बीच फुटका पहाड़ में भगवान के चरणों में वॉकथान रखा गया है जिसमें भी वे शामिल होंगे।

जसगीत गायक दिलीप षडंगी आज जगराता की देंगे प्रस्तुति

कटघोरा। कटघोरा की जयदेवा गणेशोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले



कटघोरा का राजा गणेशोत्सव की भव्यता और सफलता में योगदान देने वाले सहयोगियों के सम्मान में 13 अक्टूबर को भव्य आभार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण (पुराना दशहरा मैदान) में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध जसगीत गायक दिलीप षडंगी माता के भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर करेंगे। जयदेवा गणेशोत्सव समिति पिछले आठ वर्षों से कटघोरा का राजा गणेशोत्सव को धूमधाम और भव्यता के साथ मनाती आ रही है। अल्प समय में ही इस आयोजन ने अपनी आकर्षक साज-सज्जा, भव्य पंडाल और विशाल गणेश प्रतिमा के चलते कोरबा जिले के साथ-साथ प्रदेश और देश में भी अलग पहचान बनाई है।

सोलर हाईमास्ट की रोशनी, ग्रामीणों का आसान हुआ रात का आवागमन

कोरबा। जिला प्रशासन द्वारा खनिज संस्थान न्यास से स्वीकृत राशि के माध्यम से ऐसे क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी क्रम में कोरबा विकासखंड के ग्राम अजगरबहार में क्रेडा विभाग द्वारा सोलर हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है। सोलर हाईमास्ट शुरू होने से पहले रात के समय ग्रामीणों को गांव की सड़कों और आसपास के रास्तों पर आवागमन में कठिनाई होती थी। अंधेरे के कारण पैदल चलने वालों को रास्ता देखने में परेशानी होती थी और खेतों तथा आसपास के इलाकों में जाने वाले लोगों को अतिरिक्त सावधानी रखनी पड़ती थी।

राजकुमार अग्रवाल के आतिथ्य में कटघोरा में हुआ भव्य आयोजन

अग्रवाल सभा ने धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती समाज की युवतियां।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते अग्रवाल समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल सभा कटघोरा द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यक्तित्व डॉ. राजकुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में बिलासपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी ललित अग्रवाल तथा बिल्हा के युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी गौरव अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल ज्योति ने की। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के संरक्षक रामनाथ सिंघानिया, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती बबिता गर्ग,नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अमन गोयल मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी की आरती एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात अग्रवाल सभा के सदस्यों ने मंचस्थ अतिथियों का बैज लगाकर, शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। सर्वप्रथम सचिव अभिषेक गर्ग के द्वारा सचिवी प्रतिवेदन के माध्यम से उपस्थित सभी अगर्जनो को आगामी कार्य योजना की जानकारी उपलब्ध कराई। स्वागत उद्बोधन में अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल ज्योति ने समाजजनों को भवन में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्रसेन भवन में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद कमरों की कमी महसूस की जा रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए भवन परिसर में 28 नए कमरों के साथ 6 हजार वर्गफुट क्षेत्रफल वाले विशाल हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमे से प्रथम तल का निर्माण लगभग पूर्ण कर लिया गया है व दूसरे तल का निर्माण पूर्णता की ओर है कार्य पूर्ण होने के बाद समाज के साथ-साथ नगरवासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस घोषणा का उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाराजा श्री अग्रसेन जी ने समाज को सेवा, समानता, परिश्रम और सहयोग का जो मार्ग दिखाया है, हम सभी को उसी मार्ग पर चलना चाहिए। उनके आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति और समाज निरंतर प्रगति कर सकते हैं।

कलेक्टर ने क्षेत्रवासियों की सुनी समस्या, समय पर निराकरण करने के दिए निर्देश

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ वनांचलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में वनपट्टा की जांच, अवैध शराब विक्रय बंद कराने, लंबित वेतन, प्रधानमंत्री आवास की लम्बित किश्त भुगतान, पीएम आवास की पात्रता जांच, राशन वितरण में अनियमितता, पशु शेड निर्माण, अतिक्रमण, सड़क मरम्मत, राहत राशि, भूमि अधिग्रहण मुआवजा, राशन वितरण में अनियमितता तथा आजीविका से जुड़ी मांगों सहित कुल 114 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ प्रकरणों पर कार्रवाई करने और पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदनों की नियमित समीक्षा कर लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करने पर जोर दिया।

न्यायालय अति. तहसीलदार कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202609050400028 /अ-32/2025-26
ग्राम अभयपुर प.ह.नं. 08
तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक बुधेराम पिता रनसाय निवासी अभयपुर तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अभयपुर स्थित शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 226/5 रकबा 1.011 हे. भूमि राजस्व न्यायालय तहसीलदार कटघोरा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 81/3-19/1975-76 से शासकीय पट्टे के अन्तर्गत कृषि प्रयोजनार्थ हेतु आबंटित किया गया था। उक्त भूमि के जांच हेतु कलेक्टर महोदय कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 26/10/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान :- कटघोरा
दिनांक :-07.10.2026

नायब तहसीलदार
कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202610050700006
अ-6/2026-27
ग्राम-कटघोरा, प.ह.नं. 10
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि-आवेदक पवन कुमार अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल, निवासी-कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10, तहसील कटघोरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 276/2 एवं 276/10 रकबा क्रमशः 0.008 एवं 0.016 है. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में पवन कुमार पिता राधेश्याम के नाम पर भूमिस्वामी हक में व्यपवर्तित भूमि दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 164 (2) के तहत अपने जीवनकाल में अपने विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 26/10/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

तहसीलदार
कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)

कटघोरा में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति भंग करने वालों पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



नवरात्र और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए कटघोरा पुलिस ने कमर कस ली है। त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया, वहीं असामाजिक तत्वों को कानून-व्यवस्था बिगाड़ने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतीश ठाकुर के निर्देश पर एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना प्रभारी राजेश तिवारी और पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला। इसकी शुरुआत कटघोरा थाना परिसर से हुई। इसके बाद पुलिस टीम बस स्टैंड, अंबिकापुर रोड, मो ह ल्ला इ न भाटा, पुरानी ब स्त ी, का र खा ना एरिया और तहसील भाटा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी राजेश तिवारी, उप निरीक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक निलेन्द्र सिंह सहित पुलिस के जवान शामिल रहे। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना है। कटघोरा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नवरात्र और दशहरा के दौरान किसी भी तरह की अवांछित गतिविधि, हुड़दंग या अशांति फैलाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों की तैयारियों को लेकर पुलिस पहले ही नवरात्र आयोजन समितियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे चुकी है। समितियों से निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है।









खबर संक्षेप

दर्री जोन में आज लगेगा सेवा सेतु शिविर

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 13 अक्टूबर को दर्री जोन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण में सहायता करना है। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम, समाज कल्याण, विद्युत, सहकारिता, कौशल विकास, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। नागरिक संबंधित सेवाओं की जानकारी ले सकेंगे और अपनी आवश्यकता के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपनी समस्या या आवेदन से जुड़े आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

मिनीमाता हसदेव बांगो बांध एवं आसपास के क्षेत्र में किया गया श्रमदान



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हसदेव बैराज जल प्रबंध संभाग, रामपुर द्वारा मिनीमाता हसदेव बांगो बांध में स्वच्छता एवं जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. भारती सहित विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर बांध परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता, उप अभियंता, स्थल सहायक और अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कुछ स्थानीय नागरिकों ने भी अभियान में भाग लिया। उपस्थित लोगों को जल के महत्व और उसके समुचित उपयोग की जानकारी दी गई। उन्हें पानी व्यर्थ न बहाने, जरूरत के अनुसार उपयोग करने तथा जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही दैनिक जीवन में साफ-सफाई अपनाने और अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से जल की प्रत्येक बूंद बचाने, जल स्रोतों में कचरा न डालने और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की गई। जल संरक्षण और स्वच्छता के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना ही सेवा संकल्प अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

श्रम विभाग की सहायता से आईटीआई प्रशिक्षण के मिला आर्थिक मदद

कोरबा। गणेश चौक पोड़ीबहार निवासी श्रीमती सावित्री बाई तंवर के पति बुढवा सिंह तंवर मिस्त्री का काम करते हैं। परिवार की आजीविका मेहनत-मजदूरी पर निर्भर है। श्रीमती सावित्री बाई का छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में मजदूर रेजा-कुली के रूप में पंजीयन है। श्रम विभाग से उन्हें मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना की जानकारी मिली। योजना के अंतर्गत उनकी द्वितीय संतान को 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस सहायता से उन्होंने अपनी बेटी की आईटीआई की फीस जमा की। बेटी तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

दिव्यांग हितग्राही को मिला सुरक्षित आशियाना

कोरबा। विकासखंड कोरबा के ग्राम पंचायत अमलडीहा निवासी दुजराम, पिता समारू, पहाड़ी कोरवा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह से आते हैं। मूक दिव्यांगता के साथ जीवन की रोजमर्रा की चुनौतियों का सामना कर रहे दुजराम के लिए जर्जर कच्चे मकान में रहना कठिन था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पीएम जनमन योजना के तहत दिव्यांग श्रेणी में दुजराम का आवास स्वीकृत हुआ। स्वीकृति के बाद किस्तें मिलने पर पक्के मकान का निर्माण पूरा कराया गया। अब दुजराम अपने नए, मजबूत और सुरक्षित घर में रह रहे हैं।

स्कूलों को मिलने वाली ग्रांट राशि का भी रखना होगा प्रबंधन को हिसाब किताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विभाग को राशि के उपयोग की देनी होगी रिपोर्ट

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन सहित अन्य खर्चे एवं मरम्मत कार्यों के लिए मिलने वाली ग्रांट राशि का प्रबंधन को हिसाब किताब रखना होगा। विभाग को खर्च के ब्यौरे की पूरी रिपोर्ट देनी होगी। विभागीय निर्देश भी स्कूल प्रबंधन को जारी किए गए हैं। पूर्व में जब भी राशि जारी होती थी तो खर्च का ब्यौरा देना अनिवार्य नहीं था।

बीते दो वर्षों से शासकीय स्कूलों को मध्यान्ह भोजन के लिए प्रति छात्र दी जाने वाली राशि में 3 रुपए की बढ़ोतरी कर 6 रुपए की गई है। इसी तरह इको क्लब के लिए भी 15 हजार रुपए की राशि जारी होती है। वहीं स्कूल के छोटे मोटे मरम्मत कार्यों के लिए 10 हजार रुपए की राशि जारी की जाती है। इन राशियों का उपयोग शाला प्रबंधन समिति और प्रधानपाठक के द्वारा योजनाबद्ध कार्यों के तहत किया जाता रहा है। राशियों के खर्च के लिए शाला प्रबंधन समिति स्वतंत्र थी। खर्च का ब्यौरा देने के संबंध में ऐसे कोई निर्देश नहीं थे जिसकी वजह से मिलने वाली राशि कब कहां खर्च की जा रही है इसका कोई विशेष लेखा जोखा नहीं रखा जाता था। स्कूल प्रबंधन अपनी जानकारी के लिए एक रिपोर्ट तैयार जरुर करता था लेकिन अब इन राशि के उपयोग को लेकर जारी हुए निर्देश के अनुसार खर्च का पूरा ब्यौरा शाला प्रबंधन समिति व स्कूल प्रबंधन समिति को रखना होगा। दोनों पक्षों के सामंजस्य को लेकर खर्च के ब्यौरे की रिपोर्ट भी अनिवार्य की गई है।

खास बातें

- मरम्मत और मध्यान्ह भोजन तथा अन्य खर्च के लिए शासन से विभागीय स्कूलों को मिलती है राशि



ग्रामीण स्कूलों में केवल रंग रोगन

ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में रंगरोगन का काम इसी मद की राशि से किया जाता है। जिसमें स्कूलों का मरम्मत भी शामिल है लेकिन राशि कम होने का हवाला देकर या तो रंगरोगन का कार्य कराया जाता है या फिर केवल मरम्मत का कार्य कर राशि खर्च होना बता दिया जाता है। राशि के उपयोग को लेकर कई बार सामान्य सभा की बैठक में भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा मुद्दा उठाया जा चुका है।

जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को मिलेगी आवागमन की सुविधा

मुख्यमंत्री ग्रामीण यात्री बस सेवा में कोरबा जिला भी हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री ग्रामीण यात्री बस सेवा का राज्य सरकार ने विस्तार करते हुए इसके दूसरे चरण में 8 अनूसूचित जिलों को शामिल किया है। इनमें कोरबा जिला भी शामिल है।

खास बात

- ब्लॉक और जिला मुख्यालय से जुड़ सकेंगे ग्रामीण अंचल



फाइल फोटो

यात्री बस सेवा से जिले के ऐसे दूरस्थ क्षेत्र के निवासियों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी जो अब तक यात्री वाहनों की सुविधा से वंचित थे।

अनूसूचित जिले की श्रेणी में आने से कोरबा जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक मुख्यमंत्री ग्रामीण यात्री बस सेवा के शुरु होने के बाद पाली, पोड़ी उपरोड़ा और कोरबा विकासखंड जिनके कई गांव तक किसी भी तरह की वाहन सुविधा वहां निवासियों को नहीं मिल पाती थी। अब इन ब्लॉक विकासखंड के ग्रामीण अंचल तक यात्री गाड़ियां दौड़ेंगी। जिसके लिए जिला प्रशासन को रुट चार्ट तैयार करने के लिए भी कहा गया है। जिसकी जानकारी राज्य शासन को भेजी जाएगी। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय को जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों का ब्यौरा तैयार करने को कहा गया है। जहां किसी भी तरह के यात्री गाड़ी को परमिट नहीं जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण यात्री बस सेवा शुरु होने के बाद जिले के ग्रामीण अंचल के छात्र छात्राओं को भी ब्लॉक व जिला मुख्यालय आने की सुविधा मिल जाएगी जो अब तक निजी यात्री बसों से ही सफर तय किया करते थे।

पर्यटन क्षेत्र भी जुड़ सकेंगे

जिले के कुछ पर्यटन केंद्र ऐसे हैं जहां तक यात्री बसें या अन्य सवारी गाड़ी नियमित नहीं चला करती हैं। वहां तक पहुंचने के लिए पर्यटकों को अपने निजी वाहन का उपयोग करना पड़ता है। जिसका पार्किंग शुल्क पर्यटन केंद्र की वन समितियों द्वारा वसूला जाता है। ऐसे पर्यटन केंद्र भी मुख्यमंत्री ग्रामीण यात्री बस सेवा से जुड़ सकेंगे। वर्तमान में जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्र चैतुरगढ़, सतरेंगा, बुका, केंदई, टिहरीसरई आदि शामिल हैं। इनमें चैतुरगढ़ तक यात्री वाहन भी नहीं जाते हैं। नवरात्र में यहां पहुंचने के लिए निजी गाड़ियों के अलावा और कोई सुविधा नहीं है।

सुराकछार में खड़े ट्रेलर से लूटपाट करने वाला गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त बैटरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वेदप्रकाश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रामबाबु कैम्प सुराकछार के पास ट्रेलर क्र. सीजी 04 एचबी 5231 एवं सुरिजपाल का ट्रेलर क्र. सीजी 12 एस 1698 का हार्स इंजन के दो-दो टायर को मुन्शी विकास यादव को तलवार से डरा धमकाकर चोरी कर ले जा रहे थे जो चिल्लाने पर छोड़कर कार में भाग गये तथा सुरिजपाल के हार्स केबिन अंदर दरवाजा खोलकर 2 नग बैटरी, जैक, व्हील पाना को भी लूटकर ले गये। मामले में बांकीमोंगरा पुलिस ने तेन्दुटिकरा उदयपुर जिला सरगुजा निवासी नजीरअली उम्र 26 साल पिता रियासत अली के विरुद्ध धारा 331 (4), 309 (4), 3 (5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयोग कार क्र. सीजी 04 पीसी 9142 एवं 1 नग धारदार तलवार, 2 नग बैटरी, जेक, व्हील पाना तथा घटनास्थल के पास छोड़े गये 4 नग टायर को बरामद किया गया है। मामले के आरोपी नजीर अली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

पितृपक्ष पर परिवार गया था बाहर, एसईसीएल कर्मी के आवास में लाखों की चोरी


एसईसीएल कर्मी का मकान जहां हुई चोरी।


घर में बिखरा सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र की कॉलोनी में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आयी है। जहां एसईसीएल कर्मी पितृपक्ष पर सपरिवार अपने गृहग्राम गया हुआ था। इस दौरान चोरों ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी का जेवरात सहित लगभग 7 लाख का माल पार कर दिया है। एसईसीएल कर्मी की लिखित शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामला शुरु कर दी है।

खास बातें

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के आदर्शनगर में हुई चोरी
- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया अपराध पंजीबद्ध

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर करीब 7 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपये नकद ले उड़े। पीड़ित परिवार ने ये गहने अपने बेटे की आगामी शादी के लिए बनवाए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर कॉलोनी के मकान नंबर बी-322 में रहने वाले डंपर ऑपरेटर विकुल दास अपने परिवार के साथ किसी जरूरी काम से अंबिकापुर गए हुए थे। घर सूना पाकर चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने क्वार्टर के पीछे का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और बेडरूम में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवर व नकदी समेटकर फरार हो गए। जब विकुल दास का परिवार वापस अपने घर लौटा, तो अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था और अलमारी खुली पड़ी थी। यह नजारा देख उनके होश उड़ गए। घटना की तत्काल सूचना कुसमुंडा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। कुसमुंडा थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पतासाजी की जा रही है और मामले की जांच कर रही है।

सतरेंगा से पिकनिक मनाकर लौटा युवक, घर में लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत चारपारा कोहड़िया के रहने वाले एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 23 वर्षीय रितेश कुमार केंवट पिता दुलेश्वर प्रसाद केंवट के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, रितेश कुमार सोमवार को अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए सतरेंगा गया हुआ था। दिनभर पिकनिक मनाने के बाद वह शाम को अपने घर वापस लौट आया था। घर लौटने के बाद वह अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब रितेश ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने जब खिड़की से अंदर झांककर देखा, तो उनके होश उड़ गए। रितेश कमरे के भीतर फांसी के फंदे पर झूल रहा था। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में किसी तरह दरवाजा खोलकर उसे फंदे से नीचे उतारा और तुरंत इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बारीकी से परीक्षण करने के बाद रितेश को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

खास बातें

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के चारपारा कोहड़िया का मामला
- पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई पश्चात शव को दे दिया परिजनों को

युवक की फंदे में मिली लाश

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत जयकुमार पटेल उम्र 24 साल पिता स्व मोहनलाल पटेल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीवी ऐप से गिरदावरी कराए जाने के लिए प्रशासनिक दबाव के बीच प्रदेश के अन्य जिलों में पटवारियों पर हुई निलंबन की कार्यवाही का विरोध करते हुए राजस्व पटवारी संघ के बैनर तले मंगलवार से जिले के सभी हल्के के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसके संबंध में सभी तहसीलदारों को संघ की तहसील इकाईयों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।

खास बातें

- तहसीलदारों को सौंपा गया हड़ताल का ज्ञापन
- पिछले 20 दिन से चल रहा है पीवी ऐप से गिरदावरी कराने का बहिष्कार



पीवी ऐप से फसलों की गिरदावरी कराने का निर्देश जब से राजस्व विभाग के पटवारियों को दिया गया है तबसे पटवारी संघ इसे विसंगतिपूर्ण बताते हुए सितंबर महीने से ही इसका विरोध करते आ रहा है। प्रदेश भर में हो रहे इस विरोध की वजह से राज्य सरकार की डिजीटल क्राफ्ट सर्वे योजना शुरु होने से पहले ही ठप हो गई थी जिसे गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस तारतम्य में महासमुंद जिले में पटवारियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई। साथ ही कारण बताओ नोटिस एवं स्थानांतरण तक किया गया। संघ ने इसे पूर्वाग्रस्त एवं द्वेषपूर्ण कार्यवाही बताते हुए इस प्रशासनिक कार्यवाही का विरोध कर 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी देते हुए सभी तहसील मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा गया।

रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में बैग में मिला नर कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में एक सड़ी-गली अवस्था में एक बैग में अज्ञात नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही सीएसईबी चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच शुरू कर दी है। साथ ही एफएसएल की टीम भी मौके पर डटी हुई है और मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। देर शाम होने की वजह से पुलिसिया जांच में परेशानी हो रही थी। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रेक के झाड़ियों में घटनास्थल पर मिली नर कंकाल काफी पुरानी और अत्यधिक खराब स्थिति में डीकंपोज हो चुकी है। शरीर का अधिकांश हिस्सा क्षत-विक्षत हो जाने के कारण फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मृतक महिला या पुरुष है। शिनाख्त नहीं हो पाने से पुलिस को प्राथमिक जांच में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिस संदिग्ध स्थिति में झाड़ियों के बीच यह नर कंकाल मिला है, उसे लेकर स्थानीय स्तर पर कई तरह की आशंकाएं और सवाल उठाए जा रहे हैं। मामला हत्या का है या कोई हादसा, यह तो पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक टीम और वैज्ञानिक साक्ष्यों की मदद से नर कंकाल की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले के हर पहलू की गहराई से जांच जारी है, और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

खास बात

- आला अधिकारियों के निर्देश पर एफएसएल की टीम जुटी जांच में

